# मंडियों में बारदाना उपलध करवाने व सुविधाएं उपलध करवाने की मांग को लेकर ढांड में किसानों ने लगाया जाम

## दिनभर लगे जाम को खुलवाने के लिए प्रशासन के छुटे रहे पसीने, किसानों को समझाने में विफल रहे अधिकारी

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** ढांड व पूंडरी की मंडियों में बारदाना उपलब्ध करवाए जाने की मांग को लेकर ढांड में आज किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया और मांग पूरी ने होती देख पंचमुखी चौक पर जाम लगा दिया। किसानों के प्रदर्शन और जाम को देखते हुए प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और भारी पुलिस बल के साथ उन्होंने किसानों को समझाने का प्रयास किया परंतु कई घंटे के बाद भी वे किसानों को सहमत करने में कामयाब नहीं हो पाए। सुबह 10 बजे की पूंडरी हल्के के युवा नेता विकास तंवर के नेतृत्व में ढांड विस्तार मंडी में किसानों का जमावड़ा शुरू हो गया और किसान ट्रैक्टर और कंबाइन के साथ पहुंचे, सैंकड़ो की संख्या में पहुंचे किसानों ने महापंचायत का आयोजन किया जिसमें पूंडरी हल्के सहित आसपास के विभिन्न गांवो के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

किसानों को संबोधित करते हुए युवा नेता विकास तंवर ने कहा कि वे अपने हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं और पिछले लंबे समय से लंबी-लंबी लाइनों में लग रहे किसानों की समस्याओं से लगातार सरकार और प्रशासन को अवगत करवा रहे हैं परंतु प्रशासन और सरकार उनकी मांगों की तरफ ध्यान देने की बजाय उनके आंदोलन को ही गलत साबित करने के प्रयास में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले उन्होंने अदानी एग्रो साइलो गोदाम को ताला लगाया था, तब कैथल डीसी ने एक सप्ताह का समय मांगा था परंतु उन्होंने एक सप्ताह से अधिक समय दिया और 27 मार्च का दिन निर्धारित करके मंडी में किसान बैठक का आयोजन किया। इस अंतराल में ना तो प्रशासन ने कोई पहल की और ना सरकार ने इस बारे में कोई प्रयास किया, जिसका परिणाम यह हुआ कि किसान मजबूर होकर जाम लगाने के लिए पंचमुखी चौक पर आए है। विकास तंवर ने कहा कि वे कोई लंबी चौड़ी मांग नहीं रख रहे केवल पूरे प्रदेश की तर्ज पर ढांड और पुंडरी की मंडियों में बारदाना उपलब्ध करवाने और लंबी-लंबी लाइनों में अनाज बेचने आ रहे किसानों के लिए उचित व्यवस्था करवाने की मांग कर रहे हैं।

किसानों की बढ़ती तादाद को देखते हुए ढांड थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार और महिला एसएचओ सुनीता ढाका पुलिस टीम के साथ पहुंची परंतु वे किसानों को समझाने में सफल नहीं हुए। मौके पर कैथल एसडीएम और डीएफएससी भी पहुंचे परंतु उन्होंने भी बारदाना उपलब्ध करवाने में असमर्थता जताई जिस पर विकास तंवर ने कहा कि यदि ये अधिकारी किसानों की समस्या का समाधान नहीं करवा पा रहे तो उन अधिकारियों को मौके पर भेजा जाए जो समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आखिर कौन सी खता है कि वे 6 महीने मेहनत करने के बाद अपने अनाज को लंबी-लंबी लाइनों में लगकर बेचने पर मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि यदि सभी अधिकारी अपना कार्य सड़क पर बैठकर कर सकें तो किसान भी अपना अनाज सड़कों पर लाइनों में लगकर बेचेंगे, इसमें कोई दिक्कत नहीं परंतु अधिकारी बंद कमरों में बैठकर कार्य करते हैं और किसानों को सड़कों पर लंबी-लंबी लाइनों में लगकर मच्छरों में परेशान होकर अनाज बेचने पर मजबूर कर रहे हैं जिसको वे किसी भी सूरत में सहन नहीं करेंगे।






### सभी मार्गो पर वाहनों की लगी कई-कई किलोमीटर लंबी लाइन, बार-बार जाम खुलवाने के लिए आग्रह करते नजर आए अधिकारी

पंचमुखी चौक पर जाम लगने के बाद पेहवा रोड, पुंडरी रोड, करनाल रोड, कैथल रोड, कुरुक्षेत्र रोड पर कई-कई किलोमीटर दूर तक का लंबा जाम लग गया। किसानों ने ट्रैक्टर और कंबाइन के माध्यम से सभी मार्गों को जाम किया। जाम खुलवाने के लिए पुलिस प्रशासन और अधिकारी बार-बार किसान नेताओं को समझाते रहे परंतु किसानों ने एक ही बात कही कि बारदाना उपलब्ध करवा दो, किसान यहां से तभी उठ जाएंगे। विकास तंवर ने कहा कि मंडियों में व्यवस्था करना सरकार और प्रशासन का दायित्व बनता है। इसके साथ-साथ अदानी में गेहूं बेचने में आ रही परेशानियों जैसे- पेयजल, पार्किंग, शौचालय, माप-तौल में गड़बड़ी, सभी कांटों को किसानों के लिए शुरू न करना आदि दूर करें ताकि छोटे किसान मंडियों में और बड़े किसान अदानी एग्रो में अपना अनाज बेच सकें।

### किसानों की समस्या के लिए विधायक व स्थानीय नेता भी जिम्मेदार : विकास तंवर

वहीं इस दौरान विकास तंवर ने कहा कि पुंडरी हल्के में विधायक के साथ-साथ सभी नेता इसके जिम्मेवार हैं क्योंकि जब किसान बार-बार इकट्ठे हो रहे हैं और जायज मांग रख रहे हैं तो उनकी मांगों का समर्थन करके समाधान करवाने की बजाय वे उल्टा अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने बिना नाम लिए विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां के विधायक अपने आप को किसान का बेटा कहते हैं परंतु यदि उनके मन में किसानों के प्रति जरा भी चिंता होती तो पिछले दिनों और आज भी वे किसानों के बीच बैठने और सरकार व प्रशासन को समस्या का समाधान करवाने की बात करते परंतु उनके मन में इस बात की कोई टीस नहीं है। विकास तंवर ने कहा कि प्रशासन को भूल है कि किसान बिना मांग पूरी हुई यहां से हट जाएंगे और किसानों को मामले दर्ज करने और जेलों में डालने का डर दिखाकर तीतर-बितर कर देंगे परंतु यहां किसान एक ही जिद्द पर अड़े हैं कि जब तक मंडियों में बारदाना नहीं पहुंचेगा, वे यहां से नहीं उठेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### संजय टंडन से मिली वार्ड नंबर 34 की टीम



**चंडीगढ़/सुनील कुमार पांडे :** भाजपा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिले के जिला अध्यक्ष रविंदर मलिक, जिला उपाध्यक्ष और मंडल प्रभारी अरविंदर गुजराल तथा मंडल अध्यक्ष एल डी शर्मा के नेतृत्व में मंडल नंबर 34 की नवगठित टीम ने भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमाचल के सह प्रभारी संजय टंडन से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।मंडल टीम में बलदेव महासचिव, सुमन वर्मा उपाध्यक्ष, प्रवीण वर्मा, शोभा रानी और संजय कुमार सचिव शामिल थे। संजय टंडन ने सब से मुलाकात की और सभी का संक्षिप्त परिचय लिया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए भी कहा।

### आचार संहिता समाप्त होते ही लाडवा के होंगे बुलेट ट्रेन की तेज गति से कार्य : सुधा



**लाडवा (नरेश गर्ग) :** हरियाणा के राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि आचार संहिता के बाद कुरुक्षेत्र जिले के विकास कार्य तेजी के साथ होंगे। राज्य मंत्री सुभाष सुधा भाजपा नेता घनश्याम कंबोज के निवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो उन पर भरोसा कर उन्हें जिम्मेदारी दी है, उस पर वह खरा उतारने का काम करेंगे और कुरुक्षेत्र जिले में तेजी से विकास कार्य करवाए जाएंगे। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने लाडवा हल्के की बात करते हुए कहा कि लाडवा के लोगों के जो अधूरे पड़े काम है, वह बुलेट ट्रेन से भी तेजी के साथ करवाएंगे। उन्होंने नगर पालिका प्रधान साक्षी खुराना को भी आश्वासन दिया कि लाडवा क्षेत्र में जितने भी नगर पालिका के अधीन अधूरे पड़े काम है, आचार संहिता समाप्त होते ही उनको तेजी के साथ पूरा करवाया जाएगा। वहीं उनके साथ भाजपा नेता समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में सभी का समान रूप से विकास हो रहा है और अब राज्य मंत्री और मुख्यमंत्री दोनों ही कुरुक्षेत्र जिले के हैं। अब कुरुक्षेत्र जिला हरियाणा के मानचित्र पर भाजपा सरकार में अलग तरीके से चमकता हुआ नजर आएगी। वहीं उन्होंने लाडवा हलके के विकास के लिए राज्य मंत्री सुभाष सुधा से कहा कि वह आचार संहिता खत्म होते ही जल्द से जल्द लाडवा हल्के में जो भी अधूरे काम पड़े हैं, उनको जल्द से जल्द पूरा करवाए और सबसे मुख्य जो लाडवा के लोगों की मांग है, वह है बाईपास की किसी भी तरह विधानसभा चुनाव से पहले पहले लाडवा से बाईपास की मंजूरी दिलवाई जाए। ताकि लाडवा के लोगों को जो भारी समस्याएं आ रही है, उनसे छुटकारा मिल सके। इससे पूर्व उनके वहां पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर इशु कंबोज, अमित खुराना, राजू खुराना, अनिल गोयल, शैंकी कंबोज सहित अनेक नेता उपस्थित थे।

### पावशा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन एनजीओ द्वारा किए जा रहे हैं जनसेवा के कार्य



**कैथल (कृष्ण प्रजापति) :** पावशा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन नेशनल (रजि.) एनजीओ नेकी की राह पर कार्य कर रहा है। गरीब बच्चो और असहाय लोगो की सेवा करके सामाजिक कार्यों में अग्रणी संगठन बन रहा है। अब गर्मी की शुरुआत में जरूरत अनुसार सामान मुहैया करवा रहे हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने बुधवार को गांव दुलहेडा में पूजा भट्ठे (नजदीक ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल) पर जाकर बच्चो को चप्पलें बांटी। महिलाओं, पुरुषो और बच्चो को कपड़े भी बांटे। भट्ठे पर काम कर रहे पंजाब के चरण सिंह मजदूर ने बताया कि भट्ठे पर इस तरह की जरूरत का सामान कोई नही देता है लेकिन आज इस तरह हमारी मदद के लिए कोई यहां पर आया उन्हें बहुत खुशी हुई। मजदूरों ने संस्था से निवेदन किया कि उनके बच्चो को भी शिक्षित किया जाए ताकि हमारे बच्चो का भविष्य सुधर जाए। संस्था संचालक पवन प्रजापति और कार्यकर्ताओ ने मजदूरों की बात मानते हुए भट्ठे पर ही क्लास लगाकर बच्चो को पढ़ाने का फैसला लिया है। पावशा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के संचालक पवन प्रजापति सोलधा ने बताया कि संस्था उन गरीब विद्यार्थियों जोकि फीस देने, कॉपी, किताबे, स्कूल ड्रेस आदि खरीदने में असमर्थ हैं, उनकी सहायता के लिए लगातार कार्य कर रही है। गत 21 मार्च को गांव ड़ाबोधा के सरकारी स्कूल में संस्था के उपाध्यक्ष सुनील शर्मा के साथ विद्यार्थियो के माता-पिता को स्मार्ट फोन से बच्चो को होने वाले नुकसान से अवगत कराया। इस नेक कार्य को गांव के लोगो ने और स्कूल स्टाफ काफी सराहा और भविष्य में ऐसे प्रोग्राम करते रहने की जरूरत बताई। गत 25 मार्च को संस्था संचालक पवन प्रजापति ने गरीब लोगों और बच्चो को चप्पलें पहनाई । उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे संस्था पदाधिकारी व सदस्य सुनील शर्मा, पवन मोदगिल, गोविंद प्रजापति, कविता प्रजापति, परमेश्वर पंवार और अन्य सहायको के साथ मिलकर अलग-अलग जगह आयुर्वेदिक औषधीय हर्बल पार्क बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

## शिरोमणि अकाली दल के चुनाव प्रचार मुहिम को मिला प्रोत्साहन



तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडे

**चंडीगढ़ :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चंडीगढ़ में शिरोमणि अकाली दल के चुनाव प्रचार मुहिंम को आज उस समय जबरदस्त प्रोत्साहन मिला जब गांव रायपुर खुर्द से कीर्तन मंडली की अध्यक्ष शोभा रावत अपने बड़ी संख्या महिला साथियों सहित अकाली दल में शामिल हो गईं। इसके अलावा मनीमाजरा निवासी अनूप कौर चहल और सुरिंदर कौर सिद्धू भी पार्टी में शामिल हुईं। शोभा रावत ने पार्टी अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि उनकी टीम लोकसभा चुनाव में अकाली उम्मीदवार को जिताने के लिए दिन-रात मेहनत करेगी।

सेक्टर 28 स्थित पार्टी कार्यालय में अध्यक्ष हरदीप सिंह बुटेरला ने उनका पार्टी में स्वागत किया और उचित सम्मान का आश्वासन दिया। बड़ी संख्या में पार्टी में शामिल हुईं महिलाओं को संबोधित करते हुए हरदीप सिंह बुटेरला ने कहा कि उनकी भागीदारी से अकाली दल मजबूत हुआ है। इस मौके पर महिला अकाली दल चंडीगढ़ की अध्यक्ष बीबी सतवंत कौर जौहल, चरणजीत सिंह विल्ली, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अजीत सिंह, बी. सी. विंग के अध्यक्ष अवतार सिंह मनीमाजरा, अमनदीप सिंह कजहेड़ी, यूथ विंग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बडहेड़ी, निर्भय सिंह, राहुल, गुरदीप सिंह, अवतार सिंह बुटेरला आदि भी मौजूद थे।

- गांव रायपुर खुर्द से कीर्तन मंडली की अध्यक्ष शोभा रावत अपने साथियों सहित अकाली दल में शामिल हुई
- अकाली दल चंडीगढ़ के अध्यक्ष हरदीप सिंह बुटेरला ने अकाली दल का स्वागत किया

## टीबी स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य जांच शिविर 29 को

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रास सोसायटी चेयरमैन शांतनु शर्मा के निर्देशानुसार जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा 29 मार्च को टीबी स्क्रीनिंग कैंप और स्वास्थ्य जांच शिविर राजकीय प्राथमिक पाठशाला चनारथल में लगाया जाएगा। जिला सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि रेडक्रास तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सौजन्य से 29 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक टीबी स्क्रीनिंग की जाएगी। स्वास्थ्य चेकअप के दौरान दवाइयां मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी। चनारथल स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में टीबी की जांच के साथ अन्य बीमारियों की भी चिकित्सकों द्वारा जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त हरियाणा के लक्ष्य को पूरा करने के लिए रेडक्रास की ओर से टीबी मरीजों की घर-घर जांच स्क्रीनिंग की जा रही है और जिन मरीजों की दवाइयां छूट गई हैं, उनकी दवाइयां भी शुरू करवाई जा रही हैं। जिला सचिव ने बताया कि जिला टीबी को-आर्डिनेट अंजलि के साथ स्वयं सेवक झुग्गी-झोपड़ियों में लोगों को टीबी के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। टीबी के प्रति लोगों में जागरूक बढ़ रही है और टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य की जांच कराई जाती है।

## कांग्रेस गरीब महिलाओं को देगी साल का एक लाख रुपए : शुक्ला

### कहा, केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही युवाओं को देंगे तीस लाख सरकारी नौकरियां

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडे



**चंडीगढ़ :** कांग्रेस के बूथ स्तरीय सहप्रभारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, डीसीसी अध्यक्षों, पार्षदों, फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों और पदाधिकारियों की एक बैठक आज राजीव गांधी कांग्रेस भवन में चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एच.एस. लक्की के नेतृत्व में हुई। बैठक में चंडीगढ़ के प्रभारी राजीव शुक्ला, एआईसीसी सचिव तेजिंदर बिट्टू और पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल मौजूद रहे।

एच.एस. लक्की ने चंडीगढ़ कांग्रेस की कार्यप्रणाली और तैयारियों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश की और कहा कि पार्टी भाजपा से मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि पार्टी से जिसे भी टिकट मिलेगा, उसका सभी समर्थन करेंगे और उसे जितने में जी जान लगा देंगे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान चंडीगढ़ कांग्रेस द्वारा किए गए कार्यों और हाल ही में हुए मेयर चुनावों में चंडीगढ़ कांग्रेस द्वारा निभाई गई सकारात्मक भूमिका भी अवगत कराई।

इसके बाद पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनावों के संबंध में अपनी राय रखी। सभी की बात ध्यान से सुनने के बाद राजीव शुक्ला ने कहा की कांग्रेस गरीब महिलाओं को साल का एक लाख रुपए देगी और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनते ही युवाओं को तीस लाख सरकारी नौकरियां देगी इसके इलावा बहुत सी योजनाएं कांग्रेस लाएगी। शुक्ला ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही कैंडिडेट घोषित करेगी और उसके बाद सभी को पार्टी के कैंडिडेट को जीताने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरी तरह से घबरा गई है और आम जनता को गुमराह करने के लिए झूठा उत्साह और बरगला रही है। मोदी सरकार के दिन अब गिने-चुने रह गए हैं और जल्द ही केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। पवन कुमार बंसल ने भारत के निर्माण में कांग्रेस की सरकारों के योगदान को याद करते हुए कहा कि पार्टी केंद्र और शहर में कांग्रेस द्वारा किए गए कार्यों को घर घर तक पहुंचाएगी।

तेजिंदर बिट्टू ने कहा कि पार्टी अपना घोषणापत्र/मैनिफेस्टो बनाने की तैयारी में है और जल्द ही इसे जारी किया जाएगा। पार्टी ने महिलाओं, युवाओं आदि से संबंधित पांच न्याय गारंटी पहले ही शुरू कर दी हैं। अंत में सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी द्वारा की गई सफल यात्रा के लिए उनका आभार व्यक्त किया और आगामी लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए पूरे दिल से काम करने का संकल्प लिया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने नहीं, नेहरू चाहते थे एससी एसटी को ना मिले आरक्षण

### कांग्रेस-आप सोशल मीडिया पर जारी कर रही है गलत तथ्य, लोगों को किया जा रहा भ्रमित : राणा

तेजयुग न्यूज/सुनील कुमार पांडे




**चंडीगढ़ :** कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की टिप्पणी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कथन बता कर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। यह आरोप चंडीगढ़ भाजपा के प्रदेश महामंत्री हुकुम चंद और सोशल मीडिया प्रभारी संजीव राणा ने लगाए हैं। इनका आरोप है कि इस मामले को लेकर पुलिस को शिकायत की जा रही है,ताकि आदर्श चुनाव आचार संहिता की अवहेलना कर सोशल मीडिया पर गलत प्रचार कर रहे आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से जुड़े लोगों पर सख्त कार्रवाई हो सके। इन्होंने मीडिया को जानकारी साझा करते हुए बताया कि सदन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभापति संबोधित करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की एक टिप्पणी का जिक्र किया था।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू के उस कथन को पढ़ते हुए बताया था कि वे एससी और एसटी वर्ग को आरक्षण देने के हक में नहीं थे। इस विषय पर उनकी क्या सोच थी। इसका पूरा ब्यौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में दिया था,लेकिन आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से जुड़े नेताओं ने सोशल मीडिया में जो वीडियो जारी की है,उसमें नेहरू का जिक्र हटा दिया है। वीडियो को देखने और सुनने पर यह लगता है कि जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोल रहे हैं,वह पूर्व में प्रधानमंत्री रहे जवाहरलाल नेहरू ने नहीं,बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहे थे।

उन्होंने कहा कि इस तरह की हरकतों से दो बातें स्पष्ट हो रही है, पहली यह कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गलत प्रचार करके वोट हासिल करना चाहती है और दूसरा यह कि जो बात पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू ने कही थी,उस बात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बताई जा रही है। इन दोनों नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तक एससी एसटी वर्ग को आरक्षण का विरोध नहीं किया और ना ही उन्होंने कभी यह इच्छा प्रकट की कि वे यह चाहते हों कि इनके आरक्षण को खत्म किया जाए। भाजपा के प्रदेश महामंत्री हुकुम चंद और सोशल मीडिया प्रभारी संजीव राणा ने कहा कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस चाहे कितना लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर ले,मगर देश की जनता सच्चाई को भली प्रकार जानती है और मतदान के समय इसका सही जवाब देगी।

- आदर्श चुनाव आचार संहिता की अवहेलना करने वाली कांग्रेस और आप के खिलाफ करेंगे शिकायत : प्रदेश महामंत्री


## कुरुक्षेत्र के रण में वैश्य उम्मीदवार ठोकेंगे ताल

**चंडीगढ़।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव में लिए मैदान सज रहा है। इसी बीच राजनीतिक दलों द्वारा वैश्य बिरादरी से 2 उम्मीदवारों को एक ही लोकसभा क्षेत्र में किस्मत आजमाने का मौका दिया, यह साबित करने के लिए काफी है कि अब राजनीतिक दल वैश्य समाज को गम्भीरता से लेने लगे हैं। सम्भावनाएं जताई जा रही हैं कि लोकसभा के बाद विधानसभा चुनावों में भी इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। दो साल पहले प्रदेश में हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन द्वारा वैश्य बिरादरी के उम्मीदवारों को प्रतिनिधित्व देने की मुहिम में बिरादरी को जोड़ने और राजनीतिक दलों से आह्वान किए जाना अब रंग ला रहा है। प्रदेश में वैश्य समाज मे संगठनों द्वारा मिलकर किए गए प्रयासों की बदौलत एक दशक बाद राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा प्रदेश में वैश्य बिरादरी के नेताओं को उम्मीदवार बनाया गया है। भले ही कुरुक्षेत्र में भाजपा व इंडिया गठबंधन द्वारा वैश्य उम्मीदवार उतारे गए हैं, लेकिन इससे प्रदेश में छह महीने बाद प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में यह प्रतिनिधित्व तेजी से बढ़ने की उम्मीद बन गई है। गौरतलब है हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एवं दो मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रह चुके राजीव जैन दो वर्ष पूर्व सभी दलों से एक लोकसभा सीट, एक राज्यसभा सीट तथा विधानसभा में 15 टिकट देने के लिए प्रयास शुरू किए गए थे। उन्होंने न केवल प्रदेश के सभी वैश्य संगठनों को एक मंच पर लाने की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।

## 35 मिनट पहले पार्टी में शामिल और उन्हें मिली टिकट : अभय सिंह चौटाला

### कहा, कांग्रेस के पास नहीं लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग



**लाडवा :** इनेलो के प्रधान महासचिव एवं कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट से प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला ने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा पार्टी की हालत आज प्रदेश में ऐसी है कि उसे हरियाणा में वर्करो पर भरोसा नहीं है। जो चुनाव मैदान में उतरकर पार्टी को आगे ले जाने का काम कर सके। भाजपा ने पार्टी वर्करों पर भरोसा न करते हुए दूसरे दलों से 35 मिनट पहले भाजपा में शामिल हुए लोगों को पार्टी का पटका पहनाकर टिकट देने का काम किया है। इससे साफ जाहिर है कि भाजपा हरियाणा की दस की दस लोकसभा सीटो पर चुनाव हारने जा रही है।

चौटाला बुधवार को लाडवा के एक निजी पैलेस में हल्का स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सिरसा से ऐसे व्यक्ति को टिकट देने का काम किया है जो कई दलों में रहने के बाद भाजपा में शामिल हुए। भाजपा को कुरुक्षेत्र व हिसार लोकसभा क्षेत्र में पार्टी वर्करों पर भी भरोसा नहीं था। इसीलिए हिसार व कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट पर 35 मिनट पहले भाजपा में शामिल हुए रणजीत चौटाला व नवीन जिदंल को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कुरूक्षेत्र में कोई ऐसा प्रत्याशी नहीं था जो चुनाव लड़ सके। इसीलिए कांग्रेस ने कुरूक्षेत्र सीट आप पार्टी को दे दी। जनता को अपने पराये की पहचान करनी होगी। भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी व्यापारी है। उन्होंने कहा कि वे हर समय प्रदेश की जनता के बीच रहते है। विधानसभा व विधानसभा के बाहर कमेरा वर्ग के हितों की आवाज को उठाते है। इस अवसर पर बोलते हुए इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी व प्रकाश भारती ने कहा कि भाजपा ने पहले पूंजीपतियों के पीछे ईडी लगाई फिर चंदा लेकर महाघोटाला किया। भाजपा ने पहले चंदा लेने का काम किया और उन्हें धंधा देने का भी काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा जजपा के गठबंधन ने साढे चार साल तक प्रदेश को लूटने का काम किया। यह गठबंधन नहीं बल्कि ठगबंधन था।



भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि किसानो से किए गए किसी भी वायदे को भाजपा सरकार ने पूरा नहीं किया है। किसानों से किए गए वायदे के मुताबिक न तो एमएसपी कानून बनाया गया और न ही स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर फसलो के भाव दिए गए। किसानों पर लगाकर कर्जे का बोझ बढ़ता जा रहा है। आज प्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन का प्रदेश बन गया है। बढती बेरोजगारी के कारण आज युवा डन्की में विदेशो में जाने के लिए मजबूर हो रहे है। चौ. अभय सिंह चौटाला विधानसभा की तरह संसद में जाकर भी किसानों, गरीबो कमेरा वर्ग के लोगों के हितों की लड़ाई लडने का काम करेंगे।

बैठक में शहरी प्रधान स्वीटी भूल्लर, हलका प्रधान दविंद्र सिंह बडतौली, युवा प्रधान अरमान सिंह बकाली, गगन बड़शामी, प्रवक्ता हरीश छाबड़ा, महिला विंग की प्रधान सुरेंद्र कौर, पूर्व सरपंच रण सिंह बकाली, जसविंद्र पंजेटा, गुरनाम सिंह बूढ़ा, जगदीप दुगारी, करनैल सिंह बकाली, रणधीर मथाना, दीपक धारीवाल, प्रवीण शर्मा पिपली, राजू पंडित बन, जोनी सूरा, जसवंत मेहरा, जगीर मेहरा, आकाश गर्ग, पूर्व सरपंच महिंद्र सिंह बपदी, रमेश कुमार, गोल्ड़ी पूजारा, सुरेंद्र डाढ़ा, लाल चंद नबरदार, सुरजीत कौर, परमजीत कौर, बब्बू भगवान पूर, रणबीर इशरहेड़ी आदि मौजूद रहे।